दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 66 | जयपुर, मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4


**एसके इलेक्ट्रिक कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश, आगजनी में आठ मरीजों की हुई थी मौत, पांच झुलसे**

# एसएमएस ट्रामा सेंटर आग मामला: एसएमएस अधीक्षक एवं ट्रामा सेंटर के अधीक्षक पद से हटाया, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति गठित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रामा सेंटर में आग लगने की घटना के बाद सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। जहां एसएमएस अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. सुशील भाटी और ट्रॉमा सेंटर के सुपरिटेंडेंट डॉ. अनुराग धाकड़ को उनके पदों से हटा दिया गया है। वहीं कार्यकारी अभियंता मुकेश सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस घटना के लिए ज़िम्मेदार मानी जा रही एसके इलेक्ट्रिक कंपनी पर भी कार्रवाई हुई है। इस एजेंसी का सम्पर्क भी रद्द कर दिया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने मामले की विस्तृत जांच के लिए छह सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित की है। जिसकी अगुवाई मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर करेंगे। यह समिति को जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही क्षतिग्रस्त आईसीयू की मरम्मत तेजी से करने और मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत करने के आदेश दिए गए हैं।





**'8 की मौत, 5 गंभीर झुलसे'** आग से सीकर का पिंटू, आंधी का दिलीप, भरतपुर से श्रीनाथ, रुक्मणि, खुश्मा, सर्वेश, दिगंबर वर्मा और सांगानेर से बहादुर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 5 लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक बालमुकुंद आचार्य, एसएमएस अस्पताल मरीजों से मिलने पहुंचे।

**'एसएमएस अधीक्षक डॉ. भाटी एवं ट्रोमा सेंटर के प्रभारी डॉ. धाकड़ को पद से हटाया'** सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रामा सेंटर में आग की घटना के मामले में राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, ट्रोमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ को पद से हटा दिया है एवं एसएमएस में पदस्थापित अधिशाषी अभियंता मुकेश सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही फायर सेफ्टी के लिए नियोजित एजेंसी एसके इलेक्ट्रिक कम्पनी की निविदा निरस्त करते हुए उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। वहीं राज्य सरकार ने सवाई मानसिंह अस्पताल में अधीक्षक का कार्यभार डॉ. मृणाल जोशी को एवं ट्रोमा सेंटर के अधीक्षक का कार्यभार डॉ. बीएल यादव को दिया है।

**'चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने ट्रोमा सेंटर में लगी आग की घटना का लिया जायजा'** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंच कर वहां लगी आग की घटना का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद है। उन्होंने हादसे के मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मामले की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों को सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को क्षतिग्रस्त आईसीयू को जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने और तब तक मरीजों को वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**'जांच के लिए छह सदस्यीय समिति गठित'** राज्य सरकार ने पूरे मामले की गहन जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में छह सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह कमेटी घटना के सभी पक्षों की गहनता से जांच करेगी। कमेटी की जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के आश्रितों को जल्द ही उचित मुआवजा दिया जाएगा।

**'आग की भेंट जले मरीजों के परिजनों ने रो-रो कर सुनाई आपबीती'** सवाई मानसिंग अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में रविवार–सोमवार की मध्यरात्रि लगी आग उपचार करवाने आए आठ मरीजों की जान खा गई। हादसे के बाद अस्पताल के बाहर मुख्य रोड़ पर धरने पर बैठे मरीजों के परिजनों ने रो-रो कर अपना दुखड़ा सुनाया। जिनकी बात सुनकर दिल दहल गया। कुछ का तो कहना था कि हमारा मरीज सही हो गया था और सभी रिपोर्ट सामान्य आई थी डॉक्टरों ने कहा था की दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी । तभी अचानक से देर रात आईसीयू में अचानक से आग लग गई। पिंटू गुर्जर ने बताया कि आग लगने से कुछ ही सेकेंण्ड पहले मोबाइल फोन हमारी मरीज से बात हो रहीं थी। तभी अचानक से अफरा-तफरी मचने की आवाज आई और फोन बंद हो गया। वहीं आईसीयू वार्ड में आग लगने की सूचना मिलते ही भरतपुर निवासी रुकमणि का बेटा शुरु अपनी मॉ को बचाने के लिए दौड़ा ,लेकिन जहरीली धुंआ की चपेट में आने से उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

**'महज बीस मिनट में फैली थी आईसीयू के वार्ड में आग'** बताया जा रहा है कि वार्ड में अचानक से धुंआ और प्लास्टिक जलने की दुर्गंध आने की जानकारी वार्ड बॉय और चिकित्सकों 20 मिनट पहले ही वार्ड में भर्ती मरीजों ने दे दी थी। लेकिन उन्होने इस बात का अनसुना कर दिया। जिसके करीब 20 मिनट में आग ने पूरे आईसीयू वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया ओर किसी को वार्ड से निकलने का मौका नहीं दिया। कुछ परिजनों ने अपने मरीज को बाहर निकालने का प्रयास किया तो उनके पैरों कांच चुभ गए। जिसके कारण वो असफल रहें और मरीज आग की भेंट चढ़ गए। वार्ड में मौजूद नर्सिंग स्टाफ मौके से फरार



हो गए ।

**'परिजनों ने तोड़े खिड़की के कॉच'** आग लगने की सूचना पर हड़बडाए परिजनों को जब वार्ड के मैन गेट से बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला तो कुछ लोगों ने खिड़की के कॉच तोड़ डाले और खिड़की के सहारे से अपने -अपने मरीजों को बाहर निकाल । खिड़की के टूटे हुए कॉच कुछ लोगों के लिए मुसीबत बन गए और पैरों में कांच चुंबन की वजह से वो वार्ड के अंदर नहीं पहुंच पाए । जिसके कारण एक व्यक्ति की धर्म पत्नी आग की भेंट चढ़ गई ।

**'कांग्रेस विधायक ने लगाए गंभीर आरोप'** कांग्रेस विधायक रफीक खान भी एसएमएस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने सरकार और प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मृतकों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

**'हनुमान बेनीवाल ने की स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग'** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमों और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने राजधानी जयपुर में प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान सवाई मानसिंह अस्पताल में लगी भीषण आगजनी की घटना राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ राजस्थान के नाकारा चिकित्सा मंत्री पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बेनीवाल ने कहा इतनी बड़ी घटना के 10 घंटे बाद स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की आंख खुली है। जो उनके दायित्व के प्रति बड़ी लापरवाही को उजागर करती है। क्योंकि उनमें यदि जरा सी भी संवेदनशीलता होती तो वो अपनी होटल में चैन की नींद लेने के बजाय रात्रि में ही घटना की खबर सुनते ही जयपुर रवाना हो जाते। मगर उन्होंने मौके पर जाने की बजाय नींद लेना ज्यादा उचित समझा। इसलिए सरकार को तत्काल नाकारा स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर को बर्खास्त करना चाहिए।

**'एसएमएसआग हादसे में सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान'** जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने से हुई छह मरीजों की मौत के बाद राजस्थान सरकार ने मृतकों के परिजनों को मुआवज़ा देने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने तय किया है कि मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये का आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

**'एसएमएस अस्पताल पहुंचे खाचरियावास ने सरकार को ठहराया जिम्मेदार'** राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने एसएमएस अस्पताल पहुंचकर आग से आठ लोगों की मौत के मामले में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कीं। घायलों के हाल-चाल जाने और अस्पताल के डॉक्टर से मिलकर मरीज और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। खाचरियावास ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई है उनके परिवारजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देकर सारे मामले की न्यायिक जांच करानी चाहिए और मुख्यमंत्री को आश्वस्त करना चाहिए कि भविष्य में राजस्थान में सरकारी लापरवाही से किसी भी अस्पताल और स्कूल में कोई भी मौत नहीं होगी।

**'डप्टिी सीएम दयिा कुमारी ने कहा कि लापरवाह कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा'** डप्टिी सीएम दिया कुमारी ने ट्रॉमा सेंटर पर आग त्रासदी में घायलों से मिलने पहुंचीं। वार्ड में जाकर घायलों का हाल जाना और मीडिया से बातचीत में कहा कि लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार–सोमवार की मध्यरात्रि लगी अचानक से भीषण आग लग गई। जिसके बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसके बाद कोई व्हील चेयर पर तो को अपने कंधों पर उठा कर अपने -अपने मरीजों को अस्पताल से बाहर लेकर भागता हुआ नजर आया। लेकिन परिजनों की तमाम कोशिशों के बाद भी आठ मरीजों की जान चली गई। वहीं पांच गंभीर रुप से झूलस गए। देर रात अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। कुछ परिजनों ने अस्पताल के बाद ही धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मरीजों की कुशलक्षेम पूछने के लिए देर रात ही सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंच गए। वहीं एक एक जांबाज पुलिस कर्मी ने कुछ मरीजों को अपने कंधे पर लेकर अस्पताल के बाहर निकाला जिसमें वो चोटिल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**'आग की लपटें और जहरीली धुंआ से मची वार्ड में अफरा-तफरी'** बताया जा रहा है कि ट्रॉमा वार्ड शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी और देखते ही देखते आग की लपटें और जहरीला धुंआ पूरे वार्ड में फैल गया। हलका धुंआ निकलता देख वार्ड में मौजूद मरीजों के परिजनों ने इस बात की जानकारी वार्ड बॉय और वहां मौजूद चिकित्सकों को दी। लेकिन लापरवाही के चलते किसी ने शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। आग की लपटे और जहरीले धुएं ने वार्ड अफरा-तफरी मचा दी। जिसके बाद मरीजों के परिजनों ने ही भाग -दौड़ कर उन्हे बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि ट्रॉमा सेंटर दूसरी मंजिल पर पर है। जिसमें दो आईसीयू है। एक ट्रामा आईसीयू और दूसरा सेमी आईसीयू । जिस समय ट्रॉमा वार्ड के आईसीयू में आग लगी उस समय 11 मरीज भर्ती थे और सेमी आईसीयू में 24 मरीज थे। आग और धुएं को देखते ही पहले तो वार्ड बॉय, नर्सिंग स्टाफ और चिकित्सक अपनी -अपनी जान बचाने के लिए मौके से भाग निकले। लेकिन कुछ ही पल में पुलिस के जवानों को मदद के लिए भागता देख नर्सिंग स्टाफ और वॉर्ड बॉंय ने तुरंत अपने प्रयास शुरु कर दिए और ट्रॉली पर मरीजों को लाद कर अस्पताल के बाहर खुले स्थान पर सुरक्षित पर ले गए।

**'पांच घायलों को तुरंत दूसरी जगह किया शिफ्ट'** हादसे में झुलसे पांचों मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है। हर संभव उपचार दिया जा रहा है। वहीं ट्रॉमा सेंटर में मौजूद अन्य मरीजों को भी दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है।

**'पुलिस आयुक्त खुद कर रहे है मॉनिटरिंग'** सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की सूचना के बाद पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ खुद मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होने बताया कि फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम आग के कारणों की गहनता से जांच कर रहीं है। प्रथम दृष्टि से आग का कारण शॉर्ट सर्किट ही माना जा रहा है। लेकिन आग किस कारण से लगी ये जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट पता चल पाएगा। इस हादसे में आग की भेंट चढ़ मृतकों के शवों को मुर्दाघर में रखवाया गया है। एफएलएल की रिपोर्ट आने के बाद ही जांच को एक नई दिशा मिलेगी।

**'एसएमएस अस्पताल के जवान ने बिना जान की परवाह किए निभाया फ़र्ज'** देर रात जैसे ही ट्रॉमा वार्ड के आईसीयू में आग लगी तो अस्पताल परिसर के समीप मौजूद सवाई मानसिंह अस्पताल में मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों ने मिलकर राहत कार्य शुरु किया। लेकिन पुलिसकर्मी ललित शर्मा ने बिना अपनी जान की परवाह किए आईसीयू में आग की लपटों के बीच में घुसकर मरीजों की जान बचाई। ललिता शर्मा ने कई मरीजों को अपने कांधों पर लाद कर अस्पताल परिसर से बाहर निकाला और फिर दूसरे मरीज को निकाले के प्रयास में वापस वार्ड की तरफ दौड़ लगा दी।







CMYK

## संपादक की कलम से....

### एसएमएस अस्पताल में आग: जब अस्पताल ही सुरक्षित न हो, तो आम जनता कहां जाए



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में रविवार रात आईसीयू वार्ड में लगी आग ने 8 से अधिक निर्दोषों की जान ले ली। कई अन्य जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।

यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक चेतावनी है – उस लचर व्यवस्था की, जो खुद को आधुनिक और जवाबदेह कहती है। देश के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक, एसएमएस की यह घटना केवल राज्य नहीं, देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवालिया निशान है। आईसीयू जैसे अति-संवेदनशील हिस्से में न फायर अलार्म ठीक थे, न इमरजेंसी व्यवस्था। आग बुझाने वाले यंत्र बेकार निकले, बिजली की फिटिंग में पहले से शिकायतें थीं और सबसे बड़ा सवाल – इतनी लापरवाही क्यों जब कोई मरीज आईसीयू में भर्ती होता है, तो उसका परिवार उसे देश की चिकित्सा व्यवस्था के भरोसे सौंपता है। ऐसे में यदि केवल एक शॉर्ट सर्किट से पूरा वार्ड धू-धू कर जल जाए और किसी को संभलने तक का मौका न मिले – तो क्या यह केवल तकनीकी चूक है ट्रॉमा सेंटर जैसे संवेदनशील स्थान पर, जहां पल-पल जीवन और मृत्यु के बीच जूझते मरीज भर्ती होते हैं, वहाँ फायर अलार्म काम नहीं कर रहे थे, इमरजेंसी एग्जिट अस्पष्ट थे और बिजली की फिटिंग में खराबी की शिकायतें पहले से थीं।

क्या यह सब कुछ जानते हुए भी अनदेखी करना प्रशासन की घोर लापरवाही नहीं है जब देशभर में स्मार्ट सिटी और डिजिटल हेल्थकेयर की बातें हो रही हैं, तब राजधानी के एक प्रमुख अस्पताल में आग बुझाने के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं होना चिंता का विषय है। परिजनों का कहना है कि आग लगने की सूचना तुरंत दी गई, पर स्टाफ की ओर से कोई जल्दी प्रतिक्रिया नहीं हुई। क्या यह सिर्फ व्यवस्था की असफलता है या फिर एक सिस्टमेटिक क्राइम हमने कोरोना के दौरान देखा कि किस तरह देश की स्वास्थ्य प्रणाली चरमरा गई थी। लगता है, उससे कोई सीख नहीं ली गई। आज जरूरत है कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में फायर सेफ्टी ऑडिट को अनिवार्य किया जाए।

आईसीयू जैसे स्थानों पर विशेष निगरानी और प्रशिक्षित स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित हो। दोषियों पर सिर्फ सस्पेंशन नहीं, आपराधिक मुकदमा चलाया जाए। भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए कानूनी सुधार और नियमित सुरक्षा निरीक्षण लागू किए जाएं।

यह घटना महज़ एक समाचार नहीं, असंवेदनशील स्वास्थ्य तंत्र की पोल खोलने वाली त्रासदी है। मृतकों के परिवारों को मुआवज़ा तो मिलेगा, लेकिन जो ज़िंदगी चली गई – क्या उसकी कोई भरपाई है हमें यह तय करना होगा कि क्या हम हर बार हादसे के बाद अफसोस जताकर भूल जाएंगे या इस बार जवाबदेही तय करेंगे।

---

**एसएमएस में आग लगने से हुई आठ मौतों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार**

# मृतकों के परिवारों को एक करोड़ मुआवजा दे सरकार : खाचरियावास

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सोमवार एसएमएस अस्पताल पहुंचकर आग से आठ लोगों की मौत के मामले में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की घायलों के हाल-चाल जाने और अस्पताल के डॉक्टर से मिलकर मरीज और घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। खाचरियावास ने कहा कि एसएमएस में हुई दुर्घटना के लिए राजस्थान की भाजपा सरकार जिम्मेदार है क्योंकि अस्पताल में कोई भी व्यवस्था ठीक नहीं थी पहले नकली दवा पीने से पांच बच्चों की मौत हो गई। अब एसएमएस में सरकारी लापरवाही से आठ लोग जलकर मर गए सरकार को तुरंत प्रभाव से जिन लोगों की मौत हुई है। उनके परिवारजनों को एक करोड रुपए मुआवजा देकर सारे मामले की न्यायिक जांच करानी चाहिए और मुख्यमंत्री को आश्वस्त करना चाहिए कि भविष्य में राजस्थान में सरकारी लापरवाही से किसी भी अस्पताल और स्कूल में कोई भी मौत नहीं होगी क्योंकि लगातार पिछले दो वर्षों से कभी नकली दवा पीने से ,कभी आग लगने से,स्कूल की छत गिरने से सरकारी लापरवाही से सबसे ज्यादा मौतें हुई है। सरकार का रवैया पूरी तरह से तानाशाही पूर्ण और असंवेदनशील है। इससे स्पष्ट हो गया है की सरकार में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। इसलिए किसी भी काम को ईमानदारी से और अच्छे ढंग से अंजाम नहीं दिया जा रहा है। इसलिए लोगों की मौत हो रही है। इस मामले में पीड़ितों को न्याय देकर न्यायिक जांच कराकर सरकार ने लोगों के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई तो कांग्रेस सरकार के खिलाफ सख्त कदम उठाएगी।





---

## न्यूज़ ब्रीफ

### महिंद्रा ने नए डिज़ाइन–बेहतरीन इंटीरियर और आधुनिक सुविधाओं के साथ पेश की नई बोलेरो रेंज




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज बोलेरो की नई रेंज पेश की। नई बोलेरो की कीमत 7.99 लाख (शोरूम में) से शुरू होती है और नए पेश किए गए टॉप-एंड (मंहगे) बी8 वेरिएंट की कीमत 9.69 लाख (शोरूम में) है। नई बोलेरो नियो की शुरुआती कीमत 8.49 लाख (एक्स-शोरूम) है। जबकि नए टॉप-एंड (मंहगे) वेरिएंट एन11 की कीमत 9.99 लाख (एक्स-शोरूम) है। इस लॉन्च के साथ बोलेरो रेंज खूबसूरती, अधिक आराम और आधुनिक सुविधाओं के साथ अपना विशिष्ट आकर्षण बरकरार रखे हुए है। बोलेरो अपनी 25 साल की विरासत और 16 लाख से ज़्यादा संतुष्ट ग्राहकों के साथ बहुउपयोगी एसयूवी बनी हुई है। यह शहर की व्यस्त सड़कों से लेकर ऊबड़-खाबड़ सड़कों वाले ग्रामीण इलाकों तक, विविध इलाकों में बेहतरीन प्रदर्शन करती है और असाधारण अनुकूलनशीलता तथा मूल्य प्रदान करती है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिवीजन के मुख्य कार्यकारी, नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि बोलेरो समय की कसौटी पर खरी उतरी है और 25 साल से भी अधिक समय से भारत की सबसे बहुमुखी तथामज़बूत एसयूवी में से एक के रूप में अपनी जगह बनाए हुए है। इस स्थायी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, नई बोलेरो रेंज को गतिशील और तेज़ी से विकसित हो रहे नए भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। मजबूती, समकालीन स्टाइल, अधिक आराम और आधुनिक सुविधाओं के शानदार मेल के साथ, नई बोलेरो और बोलेरो नियो शक्तिशाली एसयूवी का अनुभव प्रदान करती हैं जो शहरी परिवेश और चुनौतीपूर्ण इलाकों में समान रूप से कारगर है।

### 14 लाख रुपये के चोरी के पैंतीस मोबाइल फोन बरामद कर असली मालिकों किए सुपुर्द



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जीआरपी थाना पुलिस ने बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली और हरियाणा सहित कई राज्यों में अभियान चलाते हुए 14 लाख रुपये के चोरी के पैंतीस मोबाइल फोन बरामद किए। इन बरामद मोबाइल में एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, वीवो आदि बड़ी कंपनियों के महंगे फोन शामिल हैं। पुलिस ने सोमवार को सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को दिए तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। जीआरपी डीएसपी नरेंद्र सिंह (आरपीएस) ने बताया कि जयपुर जीआरपी थाना की टीम ने बीस सितंबर से यह अभियान शुरू किया। यह अभियान एडीजी रेलवे भूपेन्द्र साहू, आईजी राघवेन्द्र सुहास और एसपी नरेंद्र सिंह के निर्देशन में चलाया गया। एएसपी नरेश कुमार, वृत्ताधिकारी नरेंद्र सिंह और थानाधिकारी अरुण चौधरी के नेतृत्व में छह विशेष टीमें गठित कर कार्रवाई की गई। इस अभियान में सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी साधनों की मदद से देशभर में चोरी हुए मोबाइल का पता लगाया। इसके बाद बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को दिए गए। इस दौरान डीएसपी नरेंद्र सिंह (आरपीएस) और थाना स्टाफ मौजूद रहे। परिवादियों ने मोबाइल वापस मिलने पर जीआरपी टीम का आभार जताया। पुलिस का कहना है कि मोबाइल चोरी और गुमशुदगी के मामलों में कार्रवाई जारी रहेगी।

### तीतरिया से गोनेर धाम तक पद यात्रा आज

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जगदीश महाराज पदयात्रा समिति के बैनर तले तीतरिया गांव से श्री जगदीश महाराज की 12वीं विशाल पदयात्रा मंगलवार को सुबह 7:15 बजे लक्ष्मण जी का बाग (तेजाजी मंदिर) से रवाना होकर शिवदासपुरा, रिंग रोड होते हुए शाम को गोनेर धाम पहुंचेगी। प्रवक्ता रामूलाल बागड़ा ने बताया कि पैदल यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए जगदीश जी महाराज के जयकारे लगाते हुए चलेंगे। रात्रि विश्राम गोनेर स्थित च्यवन ऋषि गार्डन में होगा। जहां संपूर्ण रात्रि सत्संग एवं जागरण होगा। आठ अक्टूबर को सुबह 10:15 बजे ध्वज पूजन कर ध्वज चढ़ाया जाएगा।

---

## ट्रामा सेंटर आईसीयू में आग हादसा नहीं, षड्यंत्र है–कफ सिरप कांड से ध्यान भटकाने की साजिश : आम आदमी पार्टी

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



आम आदमी पार्टी ने राजधानी जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर आईसीयू में लगी आग की घटना को योजनाबद्ध षड्यंत्र करार दिया है। पार्टी का कहना है कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि कफ सिरप कांड में सरकार और अधिकारियों की लापरवाही से उपजे जनाक्रोश को दबाने की राजनीतिक साजिश है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस केयसंस फार्मा कंपनी की कफ सिरप से प्रदेश में मासूम बच्चों की मौत हुई, उस पर ठोस कार्रवाई करने के बजाय सरकार अब जनता का ध्यान भटकाने के लिए नए नाटक रच रही है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और मिलीभगत को छिपाने के लिए यह घटना सुनियोजित प्रतीत होती है। प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए अब अस्पताल जैसी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। ट्रामा सेंटर में आग लगना कोई आकस्मिक घटना नहीं बल्कि गंभीर षड्यंत्र और लापरवाही का परिणाम है। अगर यह हादसा नहीं, तो जिम्मेदार अधिकारी अब तक सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं सह प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज ने कहा कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौतों पर जनता जवाब मांग रही थी। लेकिन जवाब देने की बजाय सरकार ने नया ड्रामा खड़ा कर दिया ताकि जनता का ध्यान असली मुद्दे से हट जाए। यह सरकार की पुरानी नीति है – जब भी घिरती है, तब कोई नया संकट खड़ा कर देती है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि ट्रोमा सेंटर आईसीयू आग प्रकरण की न्यायिक जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और कफ सिरप कांड के सभी दोषियों को सार्वजनिक रूप से बेनकाब किया जाए और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा देवे और अपनी इंसानियत साबित करे।

### करवा चौथ का व्रत 10 को,सिद्धि योग और कुमार योग में

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को विवाहित महिलाओं द्वारा किए जाने वाला सबसे बड़ा व्रत माना गया हैं। इस बार करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर शुक्रवार को रखा जाएगा। करवा चौथ के दिन सिद्धि योग और कुमार योग का संयोग रहेगा। आचार्य गौरी शंकर शर्मा बोरखेड़ा ने बताया कि करवा चौथ का व्रत पतियों के प्रति प्रेम और समर्पण के प्रतीक के रूप में किया जाता हैं। करवा चौथ का व्रत विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं। इस दिन को करक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता हैं। इस व्रत में अन्न-जल कुछ भी ग्रहण नहीं किया जाता हैं। ये व्रत सूर्योदय से रात्रि में चन्द्रमा के दर्शन तक किया जाता हैं। चतुर्थी तिथि 10 अक्टूबर को शाम 07:40 बजे तक रहेगी। पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर 12:11 से 01:39 तक, शाम 04:35 से 06:02 बजे तक हैं।

---

**12 अक्टूबर को को यह दल पहुचेगा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**

## 35 सदस्यीय दल राष्ट्रीय युवा भ्रमण कार्यक्रम के लिए रवाना डा. नीरज के पवन ने दिखाई हरी झंडी




■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में ''एकता मार्च अभियान'' के तहत ही राष्ट्रीय युवा भ्रमण कार्यक्रम का प्रथम चरण 6 से 12 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस के लिए प्रदेश का 35 सदस्यीय राष्ट्रीय युवा भ्रमण दल को सोमवार को यूथ हॉस्टल स्थित यूथ एक्सीलेंस सेंटर से शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार और अध्यक्ष राजस्थान युवा बोर्ड के डॉ. नीरज के पवन ने हरी झंडी दिखाकर गुजरात के लिए रवाना किया। इस अवसर पर राज्य युवा बोर्ड के सचिव कैलाश पहाड़िया भी मौजूद थे। इस अवसर पर डा. नीरज के पवन ने बताया कि इसका उद्देश्य राज्य की युवा शक्ति को अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू करवाने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि 6 अक्टूबर से सरदार@150 यूनिटी मार्च अभियान का डिजिटल शुभारंभ केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया।

---

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में शालाक्य संबोधिनी सीएमई का शुभारंभ



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) जयपुर के शालाक्य तंत्र विभाग की ओर से सोमवार को शालाक्य संबोधिनी विषय पर छह दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम ग्यारह अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र कुलपति वैद्य करतार सिंह धीमान एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्थान की कुलसचिव प्रोफेसर अनीता शर्मा, शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पी हेमंता, शालाक्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शमसा फयाज एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, चिकित्सक के साथ देशभर के आयुर्वेद संस्थानों से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस सीएमई कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस छह दिवसीय सीएमई मे देशभर से आए आयुर्वेद महाविद्यालयों के चिकित्सक एवं शिक्षक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयुर्वेदिक शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और चिकित्सकों के सतत कौशल विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक अनुसंधान और तकनीक के साथ जोड़ना ही समय की आवश्यकता है।

शालाक्य तंत्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शमसा फयाज ने बताया कि शालाक्य संबोधिनी विषय पर आयोजित इस छह दिवसीय सीएमई का उद्देश्य आंख, कान, नाक और मुख से संबंधित रोगों की आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों, रोग निदान विधियों तथा आधुनिक दृष्टिकोण के साथ समन्वय पर चर्चा करना है। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्याख्यान श्रृंखला, क्लिनिकल प्रदर्शन, शोध प्रस्तुतियाँ, कार्यशालाएँ एवं इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

---

## भाजपा सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और संजीदगी के साथ खड़ी है : मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एसएमएस अस्पताल में हुई अत्यंत हृदयविदारक दुर्घटना को दुखद बताया। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए है। इसके साथ ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जांच पूरी पारदर्शिता और गहनता से की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और संजीदगी के साथ खड़ी है। इस दुख की घड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं रात्रि 2 बजे ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे और उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार और परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का यह सक्रिय और मानवीय दृष्टिकोण राज्य की जनता के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों और अस्पतालों में सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कड़ाई से हो। राठौड़ ने कांग्रेसी नेताओं की बयानबाजी पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रकार की संवेदनशील घटनाओं पर कांग्रेस राजनीति करने का प्रयास कर रही हैं। ऐसी घटनाओं पर राजनीति करने के बजाय सभी को एकजुट होकर समाधान और सुधार की दिशा में काम करना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा हैं कि इस दुखद घटना को राजनीतिक लाभ-हानि के चश्मे से न देखा जाए, बल्कि मिलकर यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत एवं सुरक्षित बनें। राज्य सरकार हर पीड़ित तक राहत पहुँचाने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

---

## विद्यार्थियों ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान में जाना वन्य जीवों का संसार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

विश्व वन्यजीव सप्ताह के तहत ग्रीन पीपल सोसाइटी जयपुर चैप्टर की ओर से विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्य जीवों के निकट लाने के उद्देश्य से नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग के सहयोग और इंडिया टूरिज्म जयपुर के सौजन्य से युवा पर्यटन क्लब योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सुमन सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान, जयपुर की पक्षी विविधता तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व से परिचित कराया गया।

ग्रीन पीपल सोसाइटी के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस विक्रम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को भ्रमण के दौरान कैप, नाहरगढ़ जैविक उद्यान एवं जयपुर के पक्षियों का ब्रोशर तथा कार्डबोर्ड नेस्ट वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बालमन में प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है। इस अवसर पर डॉ. अरविंद माथुर ने वन्यजीव रेस्क्यू विषय पर प्रेरक और रोचक प्रस्तुतिकरण दिया। साथ ही विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्यान भ्रमण के दौरान विषय विशेषज्ञ मनोज कुलश्रेष्ठ और रेंज ऑफिसर शुभम गुप्ता ने उद्यान की जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पौधारोपण भी किया गया।

---

# जयपुर में जुटे वैश्विक विशेषज्ञ: करोज़न रोकथाम के जरिए सुरक्षा और आर्थिक दक्षता बढ़ाने की साझा पहल

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

एशिया का सबसे बड़ा करोज़न साइंस एंड इंजीनियरिंग कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो कोरकॉन-2025 जयपुर में आयोजन हुआ। एसोसिएशन फॉर मैटेरियल्स प्रोटेक्शन एंड परफॉरमेंस (एएमपीपी) इंडिया चैप्टर द्वारा आयोजित कांफ्रेंस में भारत और विदेशों से आए 900 से अधिक प्रतिनिधियों और 100 से अधिक प्रदर्शक कंपनियों ने भाग लिया। यह अब तक के सबसे प्रभावशाली संस्करणों में से एक रहा। यह आयोजन करोज़न विज्ञान, सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और मटेरियल्स प्रोटेक्शन से जुड़े विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा रक्षा, ऊर्जा, ऑयल एवं गैस, पेट्रोकेमिकल, नवीकरणीय ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को एक वैश्विक मंच पर लेकर आया ताकि क्षरण नियंत्रण और सतत विकास के क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाया जा सके।




**'देश विदेश के प्रतिनिधियों और विज़िटर्स ने लिया भाग'** इस एक्ज़ीबिशन में देश विदेश से 900 से अधिक प्रतिनिधियों और 100 प्रदर्शक कंपनियों की सक्रिय भागीदारी रही। कांफ्रेंस में टेक्निकल सेशंस, राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस, डिफेन्स वर्कशॉप और इंटरैक्टिव फोरम के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों जैसे ऑयल एंड गैस, उर्वरक, रिफाइनरी, जल शोधन, न्यूक्लियर, समुद्री संरचनाएँ और इंफ्रास्ट्रक्चर संरक्षण पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा क्षरण नियंत्रण तकनीकों, नई खोजों और वैश्विक प्रथाओं पर व्याख्यान और चर्चाएँ की।

एएमपीपी इंडिया चैप्टर के सेक्रेटरी दीपेन झवेरी ने इस अवसर पर कहा, कोरकॉन-2025 एएमपीपी की 'सुरक्षित, संरक्षित और सतत विश्व' की दृष्टि को आगे बढ़ाते हुए उद्योग, एकेडमिक जगत और रक्षा क्षेत्र को एकजुट करता है ताकि तकनीकी नवाचार और क्षरण नियंत्रण के माध्यम से भारत सहित विश्व भर में मजबूत और टिकाऊ इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो सके। एसोसिएशन फॉर मैटेरियल्स प्रोटेक्शन एंड परफॉरमेंस (एएमपीपी) एशिया की सबसे बड़ी संस्था है जो करोज़न कंट्रोल (क्षरण) और प्रोटेक्टिव कोटिंग्स के क्षेत्र में कार्यरत है। इसके 40,000 से अधिक सदस्य विश्वभर में सक्रिय हैं। 1992 से कार्यरत एएमपीपी इंडिया चैप्टर भारत में क्षरण नियंत्रण, जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

---

## कांग्रेस नेताओं ने की पुलिस महानिदेशक से मुलाकात



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शिक्षा के मंदिर राजस्थान विश्वविद्यालय में शस्त्र पूजन करने के कार्यक्रम का विरोध कर रहे एनएसयूआई के छात्रों पर हथियारों से हमला करने और एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, महेश चौधरी, रामसिंह सामोता सहित अनेक छात्रों को पुलिस द्वारा गंभीर धाराओं में गिरफ्तार करने तथा छात्रों की ओर से प्रस्तुत शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं करने के मुद्दे पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने सोमवार को जयपुर में पुलिस मुख्यालय पर पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर एनएसयूआई के छात्रों के अधिकारों का दमन करने पर विरोध प्रकट किया तथा प्रकरण में निष्पक्षता से जांच करने एवं एनएसयूआई के घायल छात्रों द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर कार्यवाही कर हथियारों से हमला करने के दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पर्व पुंज कार्तिक माह आज से प्रारंभ



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

पर्व पुंज कार्तिक माह (7 अक्टूबर से 5 नवंबर तक) मंगलवार से शुरू होगा। कार्तिक माह में भजन-कीर्तन, स्नान, दान, गंगा पूजन, दीपदान और तुलसी पूजन पर जोर रहेगा। गोविंद देवजी, चौड़ा रास्ता के राधा दामोदर जी, पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ जी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। कार्तिक माह में करवा चौथ, धन तेरस, रूप चतुर्दशी, दीपावली, डाला छठ सहित अनेक पर्व और त्योहार रहेंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि हिंदू धर्म में कार्तिक माह का विशेष महत्व होता है। यह महीना सबसे पवित्र महीनों में से सबसे खास होता है। कार्तिक माह पूजा, तप और व्रत का महीना माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह हिंदू कैलेंडर का आठवां महीना होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी माह में भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा के बाद जागते हैं।

**'दीपदान-तुलसी पूजन की मान्यता'** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस माह दीपदान और तुलसी पूजन से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी तरह के पापों का नाश होता है। कार्तिक माह में दीपदान और तुलसी पूजन से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। इस माह में दीपदान और तुलसी पूजा का विशेष महत्व होता है। इस माह के दौरान सुबह और शाम तुलसी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। जिसमें देशी घी से तुलसी के पौधे के पास दीपक जलाया जाता है। कार्तिक माह में तुलसी की पूजा करने से परिवार में सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। इसके अलावा इस माह दीपदान करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी बहुत ज्यादा प्रसन्न होती है। कार्तिक के महीने में भगवान विष्णु भगवान श्रीकृष्ण और तुलसी माता की विशेष रूप से पूजा होती है।

### मोबाइल लूट की वारदात करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लूट की वारदात करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने बदमाशों से मोबाइल भी बरामद किया गया है। लूटे मोबाइल को सस्ते दामों पर अन्य राज्य या जिले में बेच देते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल लूट की वारदात करने वाले नोइद (18) निवासी ब्रह्मपुरी जयपुर और सोनू कुमार महावर (27) निवासी आमेर रोड ब्रह्मपुरी जयपुर को गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों से लूटे कई मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### अपहरण और लूट मामले में फरार चल रहे तीन बदमाश गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और लूट मामले में फरार चल रहे तीन मुख्य बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने वारदात में प्रयोग ली गई एक कार को भी बरामद की हैं। गौरतलब है कि फरवरी माह में आरोपियों ने राह चलते युवक का मोबाइल छीन उसे जबरन कार में बिठा कर अपहरण और फिर पैसा लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए माह में अपहरण और लूट मामले में फरार चल रहे राहुल जाट निवासी बरौनी जिला टोंक, आशाराम उर्फ आशु निवासी डिग्गी जिला टोंक और रामदयाल जाट निवासी डिग्गी जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि 19 फरवरी को देशराज निवासी सूरवाल सवाई माधोपुर ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 17 अक्टूबर को वह सैक्टर- 08 प्रताप नगर जयपुर में घूम रहा था। इसी दौरान चार युवकों ने उसका मोबाइल छीन और मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने जबरन उसे कार में डाला और फागी की तरफ ले गए। जहां पर बदमाशों ने उस के साथ मारपीट करना शुरू किया और मोबाइल से 31 हजार रुपए पेटीएम करवा लिये। पुलिस ने मामला दर्ज की और जांच शुरू की। जांच के दौरान स्पेशल टीम ने बदमाशों को पकड़ने के लिए मुखबिरों को एक्टिव किया और बताए गए हुलिये के आधार पर आरोपियों को टोंक से चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

### 14 हजार रुपये की जुआराशि सहित 7 जुआरी गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

रामगंज थाना पुलिस ने ताश पत्ती से जुआ खेलने के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर जुआ की कुल रकम 14 हजार तीन सौ दस रुपए समेत सात जुआरियों को हिरासत में लिया है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि उत्तर इलाके के सभी थानों स्पेशल एवं लोकट एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश अनुसार पुलिस टीम ने मुर्तजा (25), शिकारियों की मोरी, रामगंज, सरफराज (27), रामगंज, सानु खान (24) संगम कॉलोनी गलता गेट, मोहम्मद आसिफ (42) घाटगेट, मोहम्मद सुल्तान (42), मोहसिन (30) आदर्श नगर, मोहम्मद आसिफ (27), आदर्श नगर निवासी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## जयसिंहपुरा खोर में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार ने पहल करते हुए सेवा केन्द्र की स्थापना की है। विहिप प्रांत मंत्री राधेश्याम के निर्देशन में जयपुर महानगर के ऋषि गालव जिले में स्थित जयसिंहपुरा खोर के शिव मंदिर में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने किया।

प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख सीएम भार्गव ने सेवा केन्द्र की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। केन्द्र पर पूनम निर्वाण यहां महिलाओं को निःशुल्क सिलाई सिखाएंगी। इसी कड़ी में धर्म प्रसार आयाम महानगर की अन्य बस्तियों में भी सिलाई केंद्र के अतिरिक्त अन्य सेवा कार्य भी प्रारंभ करेगा। इस अवसर पर प्रांत परावर्तन प्रमुख एडवोकेट रामलाल, धर्मप्रसार प्रांत टोली सदस्य अमित चौधरी, गालव जिलाध्यक्ष पवन पारीक, जिला मंत्री लालचंद, जिला सहमंत्री संदीप शर्मा, महानगर दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनिता, प्रांत समरसता सह प्रमुख संजय शर्मा, महानगर समरसता सह प्रमुख रामप्रसाद, मनोज सैनी, नीरज डांगरवाडा उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष पवन पारीक ने आभार व्यक्त किया।

चंद्रमा की रोशनी में बनी खीर का भगवान को लगाया भोग देर रात बाद खीर का प्रसाद किया वितरण

# गोविंद धाम में सजी शरदोत्सव की विशेष झांकी ठाकुर श्री के समक्ष शरदोत्सव में विशेष खाट सजाई

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

छोटीकाशी के सभी मंदिरों में शरद पूर्णिमा एक उत्सव के रूप में मनाई गई। शाम होते ही मंदिरों में खीर बनाना शुरू हो गया। चंद्रमा की रोशनी में बनी खीर का भगवान को भोग लगाकर देर रात बाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिरों में भजन संध्याएं भी हुईं। जयपुर के आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

जहां सुबह मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक कर एकदम सफेद रंग की नवीन पोशाक धारण कराई गई। विशेष अलंकार श्रृंगार और पुष्प श्रृंगार किया गया। मंगला झांकी में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। यही स्थिति राजभोग झांकी के दौरान रही। ठाकुर श्रीजी को खीर और खीरसा का भोग लगाया गया। श्रृंगार झांकी में ठाकुरजी का श्रृंगार



आकर्षण का केन्द्र रहा। शरदोत्सव की विशेष झांकी के दर्शन शाम 7.15 से 7.30 बजे तक हुए। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर श्रीजी के समक्ष शरदोत्सव में विशेष खाट सजाई गई। इसमें शतरंज, चौसर की बाजी सजाई गई।

वहीं गाय, धूप दान, इत्र दान, पान दान से खाट को सुसज्जित किया गया। इस झांकी के दर्शन करने श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए झांकी का समय बढ़ाना पड़ा।

**'सरस पदावलियों से सरस बिहारी का गुणगान'** सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में शरदोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ठाकुरजी को केसरिया खीर सहित अन्य मिष्ठ व्यंजनों का भोग अर्पण किया गया। श्री शुक संप्रदाय के आचार्यों द्वारा रचित पदों का गायन कर श्री राधा सरस बिहारी सरकार को रिझाया गया। मुख्य रूप से महारास और वेणु वादन की पदावलियों का गायन किया गया।

**'मंदिर श्री प्रेमभाया- युगल कुटीर'** श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से चांदपोल बाजार के जयलाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में श्री प्रेमभाया सरकार का शरद चांदनी उत्सव सोमवार को मनाया गया। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि श्री प्रेमभाया सरकार को धवल पोशाक धारण करा कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। प्रवक्ता लोकेश शर्मा ने बताया कि खीर का भोग लगाया गया। रात्रि 8 से 11 तक भक्ति संगीत कार्यक्रम हुआ। युगल किशोर शास्त्री रचित ढूंढाड़ी भाषा की रचनाओं से ठाकुर जी का गुणगान किया गया। श्रद्धालुओं को चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

**'ठाकुर जी के सामने बिछाए चौपड़-पासा'** समाज श्री सीताराम जी समिति की ओर से छोटी चौपड़ स्थित श्री सीताराम जी मंदिर में मनाए गए शरद महोत्सव में श्री सीताराम जी को सफेद नई पोशाक धारण कराई गई।

ठाकुर के आगे चौपड़ पासा बिछाया गया। रात्रि 10 बजे बाद औषधीयुक्त खीर का वितरण किया गया। यहां चन्द्रमा मंदिर के चौक से बिल्कुल साफ नजर आया। उसी समय भगवान राम एवं सीता को खीर का भोग लगाया गया। राम बाबू झालानी ने बताया कि उत्सव के दौरान ठाकुर श्री सीताराम जी को रास के भजन सुनाए गए।

विधायक गोपाल शर्मा और जोन उपायुक्त ने बारिश में भी घर-घर जाकर बांटे पट्टे

# सिविल लाइंस के केशव नगर सामुदायिक भवन में लगे कैंप में 1322 लोगों की समस्याओं का हुआ निस्तारण

■ **हेरिटेज निगम के शहरी सेवा शिविर में मिले पट्टे तो चेहरे पर छाई खुशी**

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

शहरी सेवा शिविर के तहत सिविल लाइन जोन के केशव नगर सामुदायिक केंद्र में हेरिटेज निगम की ओर से आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस दौरान बारिश में भी लोगों में अपने काम कराने का उत्साह बना रहा। वहीं, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा और जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने शहरी सेवा शिविर में बारिश के कारण शामिल न हो पाए लाभार्थियों तक घर-घर जाकर भूमि स्वामित्व दस्तावेज (पट्टे) सौंपे। कैंप के दौरान घर बैठे अपने मकान के पट्टे पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जोन उपायुक्त सुनील कुमार बैरवा ने बताया कि शिविर में 1300 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

वहीं, पट्टे प्राप्त करने वाले लोगों ने शहरी सेवा शिविर में अपने काम होते देख कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं देखा, निगम का ये कार्य सराहनीय है। इस दौरान पट्टा संबंधी तीन कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना में एक कार्य, 35 कार्य डे एनयूएलएम शाखा, स्ट्रीट लाइट के 18,





सीवर संबंधी कार्य 22 और जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के 52 आवेदन का निस्तारण किया गया।

इनके अलावा शिविर के माध्यम से क्षेत्रवासियों को पेयजल, बिजली, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण-पत्र, मकानों के पट्टे, फायर एनओसी,, खाद्य सुरक्षा और परिवार कार्ड जैसी अनेक सुविधाएं त्वरित और सुगम रूप से प्रदान की गईं। मंगलवार को वार्ड 85 से 89 तक कैंप संजय बाजार सामुदायिक केंद्र और वार्ड 10 से 12 के कैंप परशुराम द्वारा में लगाए जाएंगे।

**'विधायक गोपाल शर्मा ने किया निरीक्षण, घर घर बांटे मकान के पट्टे'** इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मेरे सिविल लाइंस परिवार के सदस्यों को प्रसन्न देखना ही मेरा सबसे बड़ा सुख है। बारिश के कारण कुछ परिवार शिविर तक नहीं पहुंच पाए, इसलिए हमने नगर निगम अधिकारियों के साथ उनके घर जाकर यह सुनिश्चित किया कि उन्हें उनका हक समय पर मिले।

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने शहरी सेवा शिविरों के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नगर निगम प्रशासन और समर्पित अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संवेदनशील प्रशासन और जनसेवा की सच्ची मिसाल है। हमारा लक्ष्य हर नागरिक तक सुशासन की किरण पहुंचाना है। इससे पहले, विधायक शर्मा ने वार्ड संख्या 47 सिविल लाइंस के केशव नगर सामुदायिक भवन में आयोजित शहरी सेवा शिविर का दौरा किया। उन्होंने वहां उपस्थित नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का मौके पर ही अधिकारियों के साथ समाधान करवाया।

**'हेरिटेज निगम मुख्यालय में पट्टे के पांच प्रकरण किए निस्तारित'** इसके साथ ही, हेरिटेज निगम मुख्यालय में लगे शहरी सेवा शिविर में पट्टा संबंधी पांच प्रकरण का निस्तारण किया गया। इस दौरान इंद्रा कालोनी, बनीपार्क निवासी पूरन सिंह के मकान का पट्टा संबंधी कार्य हाथोंहाथ किया गया। उपायुक्त भूमि शाखा तनुजा सोलंकी ने बताया कि शाखा की ओर से कैंप आए आवेदनों के अधिक से अधिक निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है।

## जनता का विश्वास भाजपा के साथ और आने वाले चुनावों में भाजपा एक बार फिर होगी विजयी : मदन राठौड़

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर जहां भाजपा की जीत सुनिश्चित बताई। वहीं कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह और बिखराव बताया। राठौड़ ने कांग्रेसी नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस में हर नेता एक-दूसरे से नाराज है। कोटा से लेकर जोधपुर तक, धारीवाल से लेकर डोटासरा तक - हर जगह अंतर्कलह साफ़ नज़र आता है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रश्नकाल में पैसे के बदले सवाल पूछने जैसी गंभीर बातों पर चुप्पी साधे हुए है। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी नजर आती है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा के साथ है, और आने वाले चुनाव में भाजपा एक बार फिर विजयी होगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आह्वान किया कि वे पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस अब सिर्फ नाम की पार्टी रह गई है, उसकी कोई नैतिकता नहीं बची है और वह अंदरूनी कलह से पूरी तरह जूझ रही है। कांग्रेस के नेता आपस में ही लड़ रहे हैं, और जनता अब उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। कांग्रेस नेताओं के बयानों पर अब सिर्फ हँसी आती है। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है, उस पर प्रश्नचिन्ह लगाना कांग्रेस की निराशा को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष रूप से चुनाव की घोषणा की है और भाजपा निश्चित रूप से विजयी होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले दो वर्षों में जनहित के ऐतिहासिक कार्य किए हैं। फिर चाहे वो जल प्रबंधन में क्रांतिकारी सुधार हो, बिजली आपूर्ति को स्थाई और सुचारु बनाना हो, सड़क निर्माण और बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास करना हो, रोजगार के अवसर बढ़ाना हो, एक लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां देने का मामला हो, एमएसपी में बढ़ोतरी कर किसानों को राहत देने का मामला हो या फिर 'राइजिंग राजस्थान' के तहत एमओयू साइन कर प्रदेश में निवेश लाने का मामला।

## नि शुल्क चश्मा एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

मालवीय नगर जयपुर शाखा द्वारा दो दिवसीय आंखों की जांच शिविर कॉस्मो सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मालवीय नगर, जयपुर के सौजन्य से महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गैटोर, सांगानेर में विद्यालय के 285 छात्र-छात्राओं की आंखों की निशुल्क जांच की गई थी। जांच में जिन छात्र-छात्राओ की आंखें कमजोर पाई गई उन छात्र-छात्राओं को शाखा के सम्मानित सदस्यों के सहयोग से निःशुल्क चश्मों एवं आंखों में आई बीमारी को दूर करने की दवा उसी स्कूल में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजू जी मंगोड़ी वाले की उपस्थिति में वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष गिरिराज किशोर गुप्ता ने बताया कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले अधिकतर बच्चों को उनकी आंखों की कमजोरी के बारे में पता ही नहीं होता। जब जांच की गई तो कई बच्चों के -5 तक आंखें कमजोर पाई गई। शाखा अध्यक्ष ने यह भी बताया की परिषद के महत्वपूर्ण प्रकल्प सेवा को समर्पित इस तरह के शिविर शाखा द्वारा अन्य सरकारी स्कूलों में भी छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच कर चश्मे वितरित आगे भी किए जाते रहेंगे।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एसएमएस अस्पताल पहुंच घायलों से मुलाकात कर दिए चिकित्सकों को निर्देश





■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि आग लगने की दुखद घटना सामने आई है। हादसे के बाद उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी अस्पताल पहुंचीं। जहां उन्होंने डॉक्टरों से मुलाकात कर राहत एवं उपचार कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने घायलों से वार्ड में जाकर मुलाकात की और उनकी स्थिति की जानकारी ली। दीया कुमारी ने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि अस्पताल में इलाज की व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहे और मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने इस हादसे को बेहद दुखद और पीड़ादायक बताया और कहा कि इस हादसे में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिजनों के प्रति वह गहरी संवेदना व्यक्त करती है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी आधी रात को स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। उन्होंने अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। सरकार ने इस हादसे को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी गठित कर दी है, जो घटना की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी।

जयपुर के तुंगा में पांच दिवसीय नईनाथ मेले का शुभारंभ

## बड़ी संख्या में देशी नस्ल के गाय एवं सांडों के साथ पशुपालकों ने लिया हिस्सा

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जयपुर जिले के तुंगा कस्बे में पांच दिवसीय नईनाथ मेले का शुभारंभ सोमवार को हुआ। उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि पशुपालन विभाग के मुख्य अतिथि डॉ आनंद सेजरा उपस्थित हुए और कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक चन्द्रमोहन मीना ने की। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी, बस्सी डॉ गरिमा शर्मा, अधिष्ठाता पीजीआईवीईआर- जयपुर डॉ धर्मसिंह मीना मेला अधिकारी डॉ नीरज गुप्ता तथा बड़ी संख्या में किसान, पशुपालक और ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर चंद्रमोहन मीना ने कहा कि राजस्थान में लगने वाले पशु मेले देश विदेश में प्रसिद्ध हैं। पशु मेलों की अपनी अलग ही सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक महत्ता है।

लोकदेवता के नाम पर या धार्मिक उत्सवों अथवा पर्वों के अवसर पर आयोजित होने वाले इन पशु मेलों मे जहां एक ओर भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है, वहीं आपसी सद्भाव और भाईचारा कायम करने की दिशा में भी ये अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जयपुर जिले में पहली बार



इस तरह किसी पशु मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने किसानों और पशुपालकों से इसका पूरा लाभ उठाने के लिए कहा। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा ने कहा कि पूर्व में 10 पशु मेले कुछ जिलों में ही आयोजित किए जाते थे पर वर्तमान सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में पशु मेलों के आयोजन का निर्णय अपनी बजट घोषणा में किया है। इसी कड़ी में यह पांच दिवसीय मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशु मेलों के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा आधुनिक एवं तकनीकी जानकारी एवं विकास पर आधारित प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीण पशुपालक को एक ही स्थान पर नवीनतम जानकारियां उपलब्ध हो जाती हैं। उन्होंने पशुपालन विभाग की योजनाओं और गतिविधियों के बारे में भी पशुपालकों और किसानों को विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक संख्या में लोगों से मेले में हिस्सा लेने का आग्रह किया।

**'पशुओं के लिए प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन'** विभाग के संयुक्त निदेशक हनुमान सहाय मीणा ने बताया कि मेले में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने देशी नस्ल के गायों और सांडों के साथ भाग लिया।

### घर से तीस लाख रुपये के जेवरात चोरी करने वाली महिला चोर को गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

जवाहर नगर थाना पुलिस ने घर से तीस लाख रुपये के जेवरात चोरी करने वाली महिला (नौकरानी) चोर को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपित महिला चोर के पास से चोरी किये तीस लाख रुपए के जेवरात बरामद किए है। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने घर से तीस लाख रुपये के जेवरात चोरी करने वाली महिला (नौकरानी) चोर बुलबुल कंवर निवासी नरैना जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर उसके पास से घर से चुराए गए तीस लाख रुपए के जेवरात बरामद किए है। थानाधिकारी महेश चन्द्र गुर्जर ने बताया कि 17 सितम्बर को मधू माधोगढिया (62) निवासी मोनिलेक मार्ग जवाहर नगर जयपुर ने मामला दर्ज करवाया था कि 4 महीने पहले वह गंभीर बीमार थी। करीब 30-32 दिनों तक निजी हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में भर्ती रहकर 20 जून को घर वापस लौटी। डॉक्टर ने 3 महीने तक बिस्तर पर रहकर आराम करने की सलाह दी थी।

## घुमंतु समाज के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य करने की जरुरत : महेन्द्र सिंह




■ **सेवा सदन में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन**

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक तथा राजस्थान क्षेत्र के घुमंतू कार्य प्रमुख महेंद्र सिंह ने कहा है कि घुमंतू समाज के विकास के लिए योजनाबद्ध कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आना होगा। महेन्द्र सिंह घुमंतु जनाधिकार समिति जयपुर प्रांत के कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। सहकार मार्ग स्थित सेवा सदन में संपन्न हुए प्रशिक्षण वर्ग में जयपुर, दौसा, करौली, भरतपुर, अलवर, धौलपुर, सीकर, झुंझुनू, चूरू, कोटपुतली, खैरथल, टोंक एवं सवाई माधोपुर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। घुमंतु जनाधिकार समिति के प्रांत सह संयोजक राकेश बिडावत ने बताया कि वक्ताओं ने घुमंतू समाज के समग्र विकास, समाज के लोगों के दस्तावेज, आवास, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक तथा राजस्थान क्षेत्र के घुमंतु कार्य प्रमुख महेंद्र सिंह ने समाज के विकास के लिए योजनाबद्ध कार्य करने का आह्वान किया। घुमंतू राजस्थान क्षेत्र संयोजक महावीर ने ने घुमंतू समाज के गौरवशाली इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

लंदन में रामलीला मंचन देखकर अभिभूत हुए स्पीकर देवनानी

# सनातन संस्कृति से विश्व कल्याण संभव : देवनानी

■ भारतीय गौरवशाली संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर रामायण, सम्पूर्ण विश्व में मानवता के लिए दिशा सूत्र है। विश्व में शांति और मानव के सुखी जीवन के लिए सनातन संस्कृति आवश्यक है। यही संस्कृति विश्व कल्याण का आधार है। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लंदन में आयोजित भव्य रामलीला मंचन को देखा। रामलीला मंचन कार्यक्रम का आयोजन साउथ लंदन में ओवरसीज फ्रेंड्स द्वारा किया गया। विदेश में रामलीला का मंचन देखकर देवनानी अभिभूत हो गये। उन्होंने वहां उपस्थित भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति की इस अलख को विश्व में जगाए रखें। विदेशों में रामलीला मंचन के कार्यक्रम आयोजन के लिए देवनानी ने भारतीय समुदाय का साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक आयोजन भारतीय सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जो पूरे विश्व के लिए सत्य और मानवता की राह दिखाने के लिए आवश्यक है। देवनानी ने कहा कि भारत भूमि से सुदूर स्थान पर भारतीय गौरवशाली संस्कृति एवं मूल्यों को सहेजने एवं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के गरिमामय जीवन से प्राप्त शिक्षा और प्रेरणा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है। रामायण जीवन



का विज्ञान है। इससे लोग जीवन में पिता, माता, पति,पत्नी,भाई, बहन, पुत्र, पुत्री की मर्यादा और कर्तव्य के प्रति समर्पण को सीख सकते हैं।

### रामायण जरूर पढ़ें

देवनानी ने कहा कि रामायण में कर्तव्य पालन मानव जीवन के सच्चे सुख का आधार हैं। उन्होंने कहा कि रामायण में पिता-पुत्र, भाई-भाई और पति-पत्नी के आदर्श संबंधों की जो मर्यादाएं चित्रित हैं, वे आज के युग में भी जीवन के सर्वोत्तम आदर्श हैं। उन्होंने सभी भारतीयों से आग्रह किया कि वे रामायण का अध्ययन करें और उसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। रामायण मनुष्य को मानवीय बनाती है। लोग रामायण का अध्ययन करें और उसके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें।

### भारत भूमि से सुदूर स्थान पर रामलीला आयोजन के लिए जताया आभार

देवनानी ने विदेश में इस प्रकार के भव्य सांस्कृतिक आयोजन के लिए आयोजकों और भारतीय समुदाय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें रामलीला जैसे भारतीय सनातन कार्यक्रमों की अलख जगाए रखनी होगी। यहीं हमारे संस्कृति, श्रद्धा और मानवीय मूल्यों को जीवित रख सकेंगे। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप शांति और एकता को बनाए रखने का संदेश इसमें समाहित हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की आत्मा वसुधैव कुटुंबकम् के भाव में निहित है। जब यह भावना जागृत होती है, तब युद्ध, हिंसा और विभाजन स्वतः समाप्त हो जाते हैं।

### वैश्विक संतुलन और नवचेतना के लिए रामायण मार्गदर्शक

देवनानी ने कहा कि आज जब भौतिकता और तनाव से ग्रस्त दुनिया दिशा खोज रही है, तब भारत की सनातन संस्कृति और रामायण जैसे आदर्श ग्रंथ विश्व के लिए नवचेतना और संतुलन का आधार बन सकते हैं। उन्होंने कहा राम के आदर्श और मर्यादा आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। रामलीला इन आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम है।

### भारतीय संस्कृति की जड़े सीमाओं से परे

भी विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि लंदन जैसे शहर में रामलीला का मंचन होना इस बात का सशक्त प्रमाण है कि भारतीय संस्कृति की जड़ें सीमाओं से परे भी हैं। यह आयोजन न केवल भारतीय प्रवासियों को अपनी जड़ों से जोड़ता है, बल्कि विश्व समुदाय को भी यह संदेश देता है कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना ही सच्चे वैश्विक सौहार्द का आधार है।

### अहंकार समाप्ति के लिए रामायण अध्ययन आवश्यक

देवनानी ने कहा कि जब रामायण का सन्देश जीवन में उतरता है। तब व्यक्ति के भीतर से अहंकार, हिंसा और स्वार्थ स्वत ही समाप्त हो जाते हैं और यही से विश्व में शांति और करुणा का उदय होता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जीवन जीने की कला है।

# पूर्व सांसद अश्क अली टांक को किया सुपुर्द-ए-खाक, समर्थकों और नेताओं ने दी भावभीनी विदाई

■ बरसात के बीच जयपुर के विद्याधर नगर स्थित कब्रिस्तान में दफनाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य नेताओं ने उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की।

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर





पूर्व मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टांक की पार्थिव देह को सोमवार दोपहर 1:30 बजे राजधानी के विद्याधर नगर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस गमगीन माहौल में कांग्रेस नेताओं और उनके समर्थकों ने अश्क अली टांक को भावभीनी विदाई दी। टांक के जनाजे में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी, कांग्रेस विधायक राजेंद्र पारीक, रोहित बोहरा, अमीन कागज़ी, रफीक खान, पूर्व मंत्री दुरु मियां, जयपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए और गमगीन माहौल में उनकी पार्थिव देह को दफनाया गया। पार्थिव देह को तिरंगे में लपेटा~ कब्रिस्तान में दफनाने से पहले अश्क अली टांक के पार्थिव शरीर पर तिरंगा झंडा लपेटा गया। इससे पहले इमाम साहब ने उनके जनाजे की नमाज पढ़ाई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिवंगत अश्क अली टांक के परिजनों को ढांढस बंधाया और उन्हें सांत्वना दी।पूर्व सांसद अश्क अली टांक इन दिनों गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। टांक का रविवार शाम को 67 साल की उम्र में देहांत हो गया था। एनएसयूआई से की थी राजनीतिक जीवन की शुरूआत~ एनएसयूआई से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले अश्क अली टांक एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। साथ ही वह 1985 में फतेहपुर से चुनाव जीतकर शिव चरण माथुर सरकार में राज्य मंत्री रहे थे। इसके अलावा वह अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने चुरू और जयपुर की किशनपोल से विधानसभा चुनाव भी लड़ा लेकिन हार का सामना करना पड़ा। यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में वे राजस्थान से राज्यसभा सांसद रहे थे।



उप-राष्ट्रपति एवं राज्यसभा अध्यक्ष, सी.पी. राधाकृष्णन ने किया राज्यसभा सचिवालय का दौरा

सी.पी. राधाकृष्णन ने अधिकारियों से की बातचीत और राज्यसभा सचिवालय के कामकाज की समीक्षा की

नई दिल्ली। उप-राष्ट्रपति एवं राज्यसभा अध्यक्ष सी.पी. राधाकृष्णन ने आज राज्यसभा सचिवालय का दौरा किया। दौरे के दौरान, उन्होंने सचिवालय के अधिकारियों से बातचीत की और सचिवालय के कामकाज की समीक्षा की, जिसमें सदन और उसके सदस्यों को विधान-संबंधी, प्रशासनिक और प्रक्रिया संबंधी समर्थन प्रदान करने की भूमिका शामिल है। उप-राष्ट्रपति एवं अध्यक्ष को सचिवालय के विभिन्न विभागों और पहलों की विस्तार से प्रस्तुति दी गई।

# राजस्थान के छह से अधिक जिलों में झमाझम बरसात, कई जगह जलभराव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

उत्तर भारत पर सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के असर से सोमवार को राजस्थान के कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। जयपुर, कोटा, बीकानेर, सीकर, अजमेर, गंगानगर और टोंक में सुबह से झमाझम बारिश हुई। कई जगहों पर सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सीकर में सुबह करीब साढे आठ बजे तक 40 मिलीमीटर बारिश हुई। सूरजपोल गेट एरिया में करीब एक फीट तक पानी भर गया और कई दुकानों में पानी घुस गया। प्लास्टिक की टंकियों से भरी एक पिकअप गड्ढे में पलट गई। बताया जा रहा है कि वहां सीसी सड़क का काम



चल रहा था, और ड्राइवर को गड्ढा दिखाई नहीं दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी औसतन 18 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि धोद एरिया में सर्वाधिक 43 मिलीमीटर बारिश हुई। जयपुर में सुबह करीब साढ़े छह बजे बारिश शुरू हुई। मालवीय नगर, जेएलएन मार्ग, खातीपुरा रेलवे स्टेशन और चौमूं इलाके में तेज बारिश हुई। चौमूं में सुबह 5~15 बजे शुरू हुई बारिश करीब एक घंटे तक चली। कोटा में रविवार रात से ही कभी तेज तो कभी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश से तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहावना हो गया है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में कटी हुई सोयाबीन की फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। अजमेर जिले के केकड़ी में सुबह बारिश करीब दस मिनट तक चली। किशनगढ़ में भी सवेरे नौ बजे बरसात शुरू हुई। बीकानेर में सुबह से लगातार बरसात हो रही है, जिससे तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया। गंगानगर में सोमवार सुबह 3~30 बजे से रिमझिम बारिश का दौर जारी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सवाई मानसिंह अस्पताल के आईसीयू में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना दुःखदः सांसद मंजू शर्मा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सांसद मंजू शर्मा ने सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की घटना को अत्यंत दुःखद और हृदय विदारक बताया है। उन्होंने अस्पताल अस्पताल प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से मरीजों की सुरक्षा, इलाज के बारे में जानकारी ली है। सांसद मंजू शर्मा ने बताया कि सरकार संवेदनशील है, सीएम भजनलाल शर्मा रात को ही अस्पताल पहुंचे और मरीजों की सुरक्षा, इलाज सुनिश्चित करने के साथ ही आग के घटना की जांच के लिए हाईलेवल कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। मरीजों व घायलों के उपचार और देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। सांसद मंजू शर्मा इस समय प्रदेश से बाहर प्रवास पर हैं। वे दूरभाष पर लगातार जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी, एसएमएस के प्राचार्य दीपक माहेश्वरी और वरिष्ठ अधिकारियों के सम्पर्क में हैं और जानकारी ले रही हैं।

### एसएमएस अस्पताल में आग सरकारी लापरवाही और राजस्थान के स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का प्रमाण : हनुमान बेनीवाल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा है कि सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने से हुई जनहानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना हृदय को झकझोर करने वाली है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत जनों की आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। बेनीवाल ने कहा कि जयपुर स्थित राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान, सवाई मानसिंह अस्पताल (SMS Hospital) में हुई आगजनी की दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर करके रख दिया है। इस भयावह हादसे में निर्दोष मरीजों की जानें चली गई जो न केवल एक मानवीय त्रासदी है, बल्कि सरकारी लापरवाही और राजस्थान के स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का प्रमाण भी है। बेनीवाल ने कहा कि हाल ही में राजस्थान में कफ सिरप से मौतें हुई,पूरा स्वास्थ्य विभाग उन मौतों के लिए जिम्मेदार कम्पनी और अफसरों को बचाने में लग गया और खुद स्वास्थ्य मंत्री ब्लैक लिस्टेड कंपनी को क्लीन चिट देते हुए नजर आए और अब इस आगजनी में कई निर्दोष जाने चली गई ऐसे में यह सवाल उठाना लाज़मी है कि आखिर कब तक आम जनता को इस तरह सरकारी लापरवाहियों की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ेगी प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की आंख इतनी बड़ी घटना के 10 घंटे बाद खुली है जो उनके दायित्व के प्रति बड़ी लापरवाही को उजागर करती है क्योंकि उनमें यदि जरा सी भी संवेदनशीलता होती तो वो रात्रि में ही घटना की खबर सुनते ही जयपुर रवाना हो जाते मगर उन्होंने मौके पर जाने की बजाय नींद लेना ज्यादा उचित समझा।राजस्थान की सरकार ने इस आगजनी की जांच के लिए कहा है। मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से हमारी मांग है कि इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो इसलिए हाईकोर्ट के सीटिंग अथवा रिटायर्ड जज की मॉनिटरिंग में एक आयोग बनाकर इस पूरे मामले की न्यायिक जांच भी करवाई जाए और जिस स्तर पर भी कमी - खामी रही और जिनकी वजह से रही उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा और आपात प्रबंधन प्रणाली की तुरंत समीक्षा करवाई जाए।

### रामेश्वर डूडी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, जयपुर पर आज पूर्व सांसद तथा राजस्थान विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. रामेश्वर डूडी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सभा में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी केअध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस पार्टी के विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने स्व. रामेश्वरडूडी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि दी।शोक सभा में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्व. रामेश्वर डूडी के निधन पर शोक प्रस्ताव पढ़ा गया। प्रस्ताव में स्व. रामेश्वर डूडी के जीवन परिचय के साथ ही उनके द्वारा प्रदेश के विकास, किसानों एवं 36 कौम के लोगों के लिये उनके द्वारा दिये गये योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

खांसी सिरप की गुणवत्ता प्रकरण पर मुख्य सचिव की बैठक

# चिकित्सकीय सलाह और निर्धारित खुराक के अनुसार ही दवा लेने के लिए आमजन को करें जागरूक : मुख्य सचिव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को शासन सचिवालय में खांसी सिरप की गुणवत्ता प्रकरण के संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में खांसी की दवा के वितरण और उपयोग पर सख्त निगरानी रखी जाये और अमानक पाई जाने पर दवा निर्माताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आमजन को केवल चिकित्सक की सलाह और निर्धारित खुराक के अनुसार ही दवा लेने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने प्रदेश में चिकित्सक, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दवा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। पंत ने विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए संभावित हानिकारक दवाओं पर सतर्क चेतावनी अंकित करने के निर्देश दिएं। साथ ही डोर-टू-डोर सर्वे और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिये ताकि लोग बिना चिकित्सकीय परामर्श दवाइयों का सेवन न करें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बैठक में बताया खांसी की दवा की गुणवत्ता का प्रकरण सामने आते ही विभाग द्वारा इस दवा के सभी बैचों के उपयोग एवं वितरण पर रोक लगा दी थी। साथ ही दवाओं के उपयोग को लेकर एडवाइजरी जारी कर व्यापक स्तर पर जागरूकता के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। दवायां लिखने एवं उपयोग को लेकर चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं आमजन की वृहद स्तर पर काउंसलिंग की जा रही है। खांसी की सीरप के उपयोग के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उपायों से उपचार पर जोर दिया जा रहा है। राठौड़ ने बताया कि मौसमी बीमारियों के दृष्टिगत प्रदेश में सीएचओ, एएनएम एवं आशा के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे के दौरान खांसी, जुकाम एवं बुखार के लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित करने के साथ ही आमजन को आईईसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है कि वे किसी भी तरह की बीमारी के मामले में घर पर रखी किसी दवा का उपयोग नहीं करें। नजदीकी चिकित्सा संस्थान जाकर चिकित्सक से परामर्श लें एवं चिकित्सकीय सलाह के अनुसार ही दवाइयों का सेवन करें। विशेषरूप से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को बिना चिकित्सक के परामर्श के कोई दवा नहीं दें।

सहकार सदस्यता अभियान के अन्तर्गत शिविर का आयोजन

# सहकारिता के माध्यम से राजस्थान का हर गांव और जन-जन सशक्त हो रहा : जलदाय मंत्री



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में ''सहकार सदस्यता अभियान'' का आयोजन 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक टोंक जिले में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों, युवाओं और महिलाओं को सहकारिता आंदोलन से जोड़कर उनको आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है। इसी के तहत सोमवार को उपखण्ड मालपुरा की सिन्धोलिया ग्राम सेवा सहकारी समिति में ''सहकार सदस्यता अभियान'' का जिला स्तरीय कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शिरकत की। चौधरी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की इस अभियान में ग्राम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों, युवाओं एंव महिलाओं को सहकारिता से जोड़ा जा रहा है। साथ ही नई समितियों के गठन और सहकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जलदाय मंत्री ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से राजस्थान का हर गांव और जन-जन सशक्त हो रहा है।

'सहकार सदस्यता अभियान' में उत्साहपूर्वक भागीदारी करेंगे सभी पैक्स व्यवस्थापक

# सहकारिता मंत्री के निर्देश पर हुई वार्ता के बाद पैक्स व्यवस्थापकों ने स्थगित किया आन्दोलन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक के निर्देश पर सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और पैक्स व्यवस्थापकों के संगठनों के मध्य सोमवार को नेहरू सहकार भवन में वार्ता हुई। वार्ता में बनी सहमति के बाद पैक्स व्यवस्थापकों ने आन्दोलन को स्थगित कर सहकार सदस्यता अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी का निर्णय लिया। दक के निर्देश पर अधिकारियों ने संघर्ष समिति के सदस्यों से उनके चार्टर पर विस्तार से चर्चा की। अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) के कक्ष में हुई चर्चा के दौरान संघर्ष समिति की विभिन्न मांगों पर सहमति बनी। इनमें कैडर ऑथोरिटी का गठन, नियमितिकरण (स्क्रीनिंग), बैंकिंग सहायक भर्ती एवं बैंक ऋण पर्यवेक्षक (एल.एस.) पद पर चयन से संबंधित मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का निर्णय शामिल है। साथ ही, सहकारी पैक्स कर्मियों की अन्य मांगों पर भी परीक्षण कर सकारात्मक कार्यवाही किए जाने पर सहमति बनी। दक के निर्देश पर अधिकारियों ने संघर्ष समिति के सदस्यों से उनके चार्टर पर विस्तार से चर्चा की। अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) के कक्ष में हुई चर्चा के दौरान संघर्ष समिति की विभिन्न मांगों पर सहमति बनी। इनमें कैडर ऑथोरिटी का गठन, नियमितिकरण (स्क्रीनिंग), बैंकिंग सहायक भर्ती एवं बैंक ऋण पर्यवेक्षक (एल.एस.) पद पर चयन से संबंधित मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का निर्णय शामिल है। साथ ही, सहकारी पैक्स कर्मियों की अन्य मांगों पर भी परीक्षण कर सकारात्मक कार्यवाही किए जाने पर सहमति बनी। पैक्स कर्मियों की लम्बे समय से जारी मांगों पर सहमति बनने से उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक आन्दोलन स्थगित कर सभी कार्यों को सुचारू रूप से एवं अधिक उत्साह के साथ सम्पन्न करने का निर्णय लिया। सहकारिता मंत्री दक ने आन्दोलन स्थगित किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे 'सहकार सदस्यता अभियान' के कामकाज में तेजी आएगी और इसके अंतर्गत किए जा रहे कार्य तीव्र गति से सम्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पैक्स व्यवस्थापकों के प्रति संवदेनशील रवैया अपनाते हुए उनकी उचित मांगों के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है।

मांगों पर सहमति के बाद प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल की मौजदूगी में समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। इस दौरान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत सभी पैक्स कर्मियों द्वारा पूरे मनोयोग से कार्य कर इसे सफल बनाने का भरोसा दिलाया। वार्ता में अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) संदीप खण्डेलवाल, अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक संजय पाठक, राजस्थान बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी कर्मचारी यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष हनुमान सिंह राजावत, राजस्थान सहकारी कर्मचारी संघ, जयपुर (भा.म.सं.) के प्रांतीय अध्यक्ष कुलदीप जंगम, राजस्थान सहकारी विकास मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मदन मेनारिया तथा सहकारी साख समितियां एम्प्लाइज यूनियन, राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष सरज भान सिंह आमेरा मौजूद रहे।

जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड्स प्रदर्शनी का शुभारंभ, 210 बाल वैज्ञानिकों की भागीदारी

# बाल वैज्ञानिक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की नींव : सांसद जोशी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




वर्तमान का भारत आत्मनिर्भर होकर विकसित देश की संकल्पना के साथ विकास की उड़ान भर रहा है। बाल वैज्ञानिकों के नवाचार भारत के भविष्य को नई दिशा देंगे। यह बात सांसद सी.पी. जोशी ने सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहर, चित्तौड़गढ़ में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड्स मानक प्रदर्शनी 2024-25 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूर दृष्टि और वैज्ञानिक सोच ने देश के युवाओं को नई शिक्षा नीति के माध्यम से 30 वर्ष बाद ऐसा अवसर प्रदान किया है जो सैद्धांतिक ज्ञान की जगह व्यावहारिक और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के पूर्व सभापति सुशील शर्मा ने की । आयोजन संरक्षक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. महावीर कुमार शर्मा ने कहा कि चित्तौड़गढ़ जिले का राज्य में छठे स्थान पर और उदयपुर संभाग में प्रथम स्थान पर रहना हमारे बाल वैज्ञानिकों की नवाचारी सोच, परिश्रम और सृजनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि जिले की सामूहिक वैज्ञानिक चेतना और विद्यालयों में हो रहे अभिनव प्रयोगों का परिणाम है। स्वागत उद्बोधन विद्यालय की संस्था प्रधान चंद्रकांता राठौर ने दिया जबकि आभार प्रदर्शन एडीपीसी समसा प्रमोद कुमार दशोरा ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन, अहमदाबाद की प्रोजेक्ट एसोसिएट अक्षिता मूंदड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में श्रवण सिंह राव, रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रुद, गौरव त्यागी, सुधीर जैन, सागर सोनी, कमलेश पुरोहित, शैलेन्द्र झंवर, राजन माली, संजू लड्ढा, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेंद्र कुमार शर्मा, सीबीईओ चित्तौड़गढ़ शंभुलाल सोमानी, एसडीएमसी सदस्य कांतिलाल जैन, ऊषा रांधड़, सहित प्रतिभागी विद्यालयों के अध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन विद्यालय की संस्था प्रधान चंद्रकांता राठौर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन झूला कुमारी लोढ़ा एवं गोपेश कोदली ने संयुक्त रूप से किया।

### दिव्यांगों के लिए मॉडल बने आकर्षण का केन्द्र

प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों की ओर से दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील सोच को दर्शाते अनेक नवाचार प्रदर्शित किए गए। एम. अकादमी, चित्तौड़गढ़ की छात्रा रिधिका राठौड़ ने वॉइस कंट्रोल व्हीलचेयर का मॉडल प्रस्तुत किया, जो उन दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी है जो मैन्युअली व्हीलचेयर नहीं चला सकते। यह मॉडल आवाज के माध्यम से व्हीलचेयर को आगे, पीछे या किसी दिशा में ले जाने की सुविधा प्रदान करता है। इसी प्रकार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, भीलगट्टी (भदेसर) की रविना राजावत ने दिव्यांगों के लिए एडजस्टेबल टेबल-कुर्सी तैयार कर मौलिक सोच का परिचय दिया है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शंभूपुरा की सृष्टि सुथार ने दिव्यांगों के लिए परिष्कृत बैसाखी का मॉडल प्रदर्शित किया, जो उनके दैनिक उपयोग को और अधिक सहज एवं सुविधाजनक बनाता है।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk